Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Ill treatment meted out to sikh community in America

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब): उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि सिख समाज के लोगों ने अपनी ईमानदारी, मेहनत और अलग पहनावे के कारण दुनिया में मान-सत्कार प्राप्त किया है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि पिछले कुछ दिनों में ऐसी वारदातें हुई हैं, जो बहुत ही निंदनीय और दुखदायी हैं। पिछले एक हफ्ते में अमरीका में दो-तीन जगह सिखों को मारा पीटा गया। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि डिप्लोमैटिक लैवल पर इसका संज्ञान लिया जाए।

हमारे देश के राज्यों में इम्तिहान देने गए बच्चों की पगड़ी उतार कर उन्हें अंदर जाने के लिए मजबूर किया गया। हमारे अपने प्रदेश पंजाब के पटियाला के पास सिन्नौर में गुरुद्वारे में माथा टेकने गए बच्चों को मारा पीटा गया। मुख्य मंत्री के घर के सामने यह वारदात हुई और अभी तक वहां के एसएचओ को बदला नहीं गया है। वहां एक गिरोह रेत माफिया का पैदा हो गया है, जिन्होंने चालीस-पचास फीट गहरे गड्ढे करके पानी की गहराई कम कर दी है। वहां जमीन घस गई है और मकान गिर रहे हैं। एमएलए इसे रोकने गया, लेकिन उसे पीट दिया गया। एक प्रैस वाला जलालाबाद में गया, उसे मारा पीटा गया। वहां एक अधिकारी गए, उन्हें भी मारा पीटा गया। वहां अराजकता फैली हुई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि सिखों को इंसाफ दिलाया जाए और ऐसी वारदातें रोकी जाएं।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Prem Singh Chandumajra.